दिन–गुरूवार दिनांक– 15/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. राष्ट्र आज अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में लाल किले के प्राचीर से ग्यारहवीं बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

02. प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में धर्म के आधार पर भेद–भाव को दूर करने के लिए धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता को लागू करने पर जोर दिया।

03. प्रधानमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में सदियों पुराने नालंदा विश्वविद्यालय की भावना को जगाने और ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में झंडोत्तोलन के बाद कहा– युवाओं को बारह लाख सरकारी नौकरी और चौंतीस लाख रोजगार के लिए सरकार प्रतिबद्ध।

---

राष्ट्र आज अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्यारहवीं बार नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से तिरंगा फहराया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज वो शुभ घड़ी है कि हम देश की आजादी के लिए प्राणों को त्याग करने वालों और आजीवन संघर्ष करने वालों को स्मरण करें। श्री मोदी ने कहा कि हम सदियों की बेड़ियों को तोड़ कर आगे बढ़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में किये जा रहे सुधारों का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। आज सरकार खुद लाभार्थी तक पहुंच रही है।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता लागू करने पर जोर दिया। श्री मोदी ने राजनीतिक दलों से कहा कि देश में बार–बार चुनाव गतिरोध पैदा कर रहे हैं।

–––बाईट–––

जो कानून धर्म के आधार पर देश को बांटते हो, जो ऊंच–नीच का कारण बन जाते हैं ऐसे कानूनों को आधुनिक समाज में कोई स्थान नहीं हो सकता है और इसलिए मैं तो कहूंगा अभी समय की मांग है की देश में एक सेक्युलर सिविल कोड हो। हमने कम्युनल सिविल कोड में 75 साल बिताए हैं। अभी हमें सेक्युलर सिविल कोर्ट की तरफ जाना होगा और तब जाकर के देश में धर्म के आधार पर जो भेदभाव हो रहे हैं सामान्य नागरिक को जो दूरी महसूस होती है उससे हमें मुक्ति मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सदियों पुराने नालंदा विश्वविद्यालय की भावना को जगाना होगा और ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाना होगा।

–––बाईट–––

उन्होंने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के कारण देश में रोष है। महिलाओं के साथ अपराधों की जल्द से जल्द जांच और दोषियों को जल्द सजा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया में दुष्कर्म की घटनाएं तो उजागर होती हैं लेकिन दोषियों को मिलने वाली सजा का ज्यादा प्रचार नहीं होता।

–––बाईट––––

हमारी माताओं, बहनों बेटियों के प्रति जो अत्याचार हो रहे हैं। उसके प्रति देश का आक्रोश है जिसको देश को, समाज को हमारे राज्य सरकारों को गंभीरता से लेना होगा। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की जल्द से जल्द जांच हो, राक्षसी कृत्य करने वालों को जल्दी से जल्दी कडी सजा हो, ये समाज में विश्वास पैदा करने के लिए जरूरी है।

श्री मोदी ने कहा कि देश में राजनीतिक शुचिता के लिए ऐसे नौजवानों को जन–प्रतिनिधि के रूप में आगे आने की जरूरत है, जिनके परिवार का कोई राजनीतिक इतिहास नहीं हो।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की ओर से पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारे खिलाडी नये संकल्प, नये विश्वास और नये लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे। श्री मोदी ने कहा कि देश के एक सौ चालीस करोड़ नागरिक कंधे से कंधे मिलाकर एक संकल्प लेकर चलें तो हर चुनौती को पार कर देश को दो हजार सैंतालीस तक विकसित बना सकते हैं।

–––बाईट–––पीएम 06–– 54 सें.

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति सरकार के संकल्प का प्रतिबिंब बताया। श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि प्रधानमंत्री का संबोधन, पिछले दस वर्षों की सफलताओं से प्रेरित होकर देश को आगे

ले जाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने सभी देशवासियों से सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेने का आह्‌वान किया।

———————————————————————

इधर, प्रदेश में भी अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य राजकीय समारोह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित हुआ, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झंडोत्तोलन किया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर श्री कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य ने पिछले कुछ वर्षों में हर क्षेत्र में प्रगति की है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार पांच में राज्य में पुलिस बल की संख्या केवल बयालीस हजार चार सौ इक्यासी थी, जो अब बढ़कर एक लाख दस हजार हो गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में केवल छह सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर ग्यारह हो गयी है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पंद्रह नए मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध है।

———बाईट———

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में वर्ष दो हजार पांच से ही शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बीपीएससी के माध्यम से दो लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है।

———बाईट———

श्री कुमार ने कहा कि पहले राज्य में केवल छह सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर ग्यारह हो गयी है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पंद्रह नए मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर लोगों से बिहार को एक खुशहाल राज्य के रूप में विकसित करने के लिए संकल्प लेने की अपील की।

———————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विधानसभा परिसर में अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद में सभापति अवधेश नारायण सिंह और पटना उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चन्द्रन ने

तिरंगा फहराया। आकाशवाणी पटना के प्रांगण में उप निदेशक आर. के. मिश्रा ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख राज कुमार नाहर और अन्य अधिकारी तथा कर्मी मौजूद थे। भाजपा, जदयू, राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों समेत विभिन्न राजनीतिक दलों, इनर्जी इंटरनेशनल और अन्य संस्थाओं में भी राष्ट्रीय ध्वज फहाराया गया। विभिन्न जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि हर जगह जश्न के माहौल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालयों और निजी संस्थानों में भी ध्वजारोहण किया गया।

———————————————————————

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित दूरदर्शन भवन में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया।

———बाईट———

हमारे सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर उस समय के जो हमारे नागरिक थे जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए जिनमें इतना जनून था कि वो लड़े। हर हद तक लड़े। जेलों तक गए। उन्होंने अत्याचार सहे। फिर आजादी दिलाई। तो आज हम जब संख्या में उससे ढाई गुना ज्यादा हैं। जब उतने थे। आज हमको भी वोई जजबा, वोई जनून, वोई दिखाना है कि हम देश को दुनिया के बड़ी सामरिक और आर्थिक ताकत बना सकें।

आकाशवाणी की महानिदेशक मौसुमी चक्रवर्ती ने भी नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी परिसर में ध्वजारोहण किया।

———————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की सक्रियता से पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के रोहतास, जमुई, मधेपुरा और गया के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गयी है। रोहतास जिले के सासाराम में सबसे अधिक सड़सठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, झाझा में छप्पन दशमलव दो, गया के वजीरगंज में सैंतालीस दशमलव चार और राजगीर में चौवालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और किशनगंज जिले के कुछ स्थानों में वज्रपात के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

कोलकाता मेडिकल कॉलेज में हुयी घटना के विरोध में पटना एम्स के चिकित्सकों और छात्रों ने आज शांतिपूर्ण विरोध मार्च निकाला। इस अवसर पर मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत रेजिडेंट डॉक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

———————————————————————

अररिया जिले के पथरदेवा में एसएसबी के जवानों ने छापेमारी कर लगभग तीन लाख रूपये भारतीय करेंसी के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. राष्ट्र आज अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में लाल किले के प्राचीर से ग्यारहवीं बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

02. प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में धर्म के आधार पर भेद–भाव को दूर करने के लिए धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता को लागू करने पर जोर दिया।

03. प्रधानमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में सदियों पुराने नालंदा विश्वविद्यालय की भावना को जगाने और ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में झंडोत्तोलन के बाद कहा– युवाओं को बारह लाख सरकारी नौकरी और चौंतीस लाख रोजगार के लिए सरकार प्रतिबद्ध।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।